देहरादून, मंगलवार
3 मार्च 2020
नगर संस्करण * *
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com

उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

आर्थिक सुस्ती से 10 लाख करोड़ रुपये के कर्ज दांव पर 13

नंबर वन टीम धड़ाम 14



एमआइटी स्पोर्ट्स लीग की विजेता टीम को ट्रॉफी देते एमआइटी के संस्थापक एचजी जुयाल • जागरण

## प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

जागरण संवाददाता, ऋषिकेश : मार्डन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित एमआइटी स्पोर्ट्स लीग में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं का पुरस्कार प्रदान किए गए। सोमवार को ढालवाला स्थित मॉर्डन इंस्टीट्यूट में विगत सप्ताह हुए स्पोर्ट्स लीग के तहत पॉलिटेक्निक की टीम ने क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता था। मार्डन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के संस्थापक एचजी जुयाल ने सभी विजेता एवं उप विजेताओं को ट्रॉफी एवं मैडल प्रदान करके सम्मानित किया गया।

Scanned by CamScanner

# अमर उजाला

देहरादून
शनिवार, 29 फरवरी 2020

संस्करण


बालाकोट का संदेश राजनाथ बोले, सीमा पार से आतंकी गतिविधियां चलाना संभव नहीं...14



उत्तराखंड

# बायोटेक और फार्मेसी में होगी खिताबी भिड़ंत

संवाद न्यूज एजेंसी

मुनिकीरेती। एमआईटी ढालवाला में फिटनेस क्लब की ओर से अयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमी फाइनल में बालिका वर्ग में बायोटेक और फार्मेसी डिपार्टमेंट ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीमों में शनिवार को खिताबी भिड़ंत होगी।

शुक्रवार को बालिका वर्ग का सेमीफाइनल पॉलिटेक्निक और बायोटेक डिपार्टमेंट के बीच खेला गया। इसमें पॉलिटेक्निक मात्र 32 रन ही बना सकी। बायोटेक ने आसानी से जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। बालिका वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल कॉमर्स और फार्मेसी डिपार्टमेंट के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फार्मेसी डिपार्टमेंट ने 51 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कॉमर्स डिपार्टमेंट की टीम मात्र 30 रन ही बना सकी। फाइनल में शनिवार को फार्मेसी डिपार्टमेंट और बायोटेक के बीच भिड़ंत होगी। वहीं, बालक वर्ग में बीएड और आईटी फर्स्ट के बीच मुकाबला खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बीएड की टीम ने 15 ओवर में 120 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईटी फर्स्ट की टीम ने दो ओवर शेष रहते मैच जीत लिया। बालक वर्ग में कैरम प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कामर्स डिपार्टमेंट के विकास माली ने 24 अंकों के साथ जीत दर्ज कर सांइस डिपार्टमेंट को भारी अंतर से शिकस्त दी। बालिका वर्ग में पॉलिटेक्निक की भावना पंवार ने फार्मेसी डिपार्टमेंट की रीता रावत को हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस मौके पर निदेशक रवि जुयाल, अजय तोमर, अंशु यादव, डॉ. एलएम जोशी, डॉ. वीके शर्मा, प्रदीप पोखरियाल, एसके सिंह, अखिलेश बिजल्वाण, कमलेश भट्ट, अमित जोशी आदि उपस्थित रहे।



एमआईटी ढालवाला में क्रिकेट मैच के विजेता खिलाड़ी। संवाद

**एमआईटी ढालवाला में फिटनेस क्लब की ओर से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन**

Scanned by CamScanner

# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

गुरुवार, 27 फरवरी 2020, देहरादून, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

www.livehindustan.com


**गांगुली पर फिल्म**

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली के जीवन पर करण जौह फिल्म बना सकते हैं। इसके लिए उन्होंने दादा से मुलाकात भी की

## सेमीफाइनल में पहुंची बीएड टीम

**ऋषिकेश।** बुधवार को एमआईटी ढालवाला में सात दिवसीय मॉडर्न इंस्टीट्यूट स्पोर्ट्स लीग के चौथे दिन बीएड एवं आईटी के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें आईटी ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए 150 रन बनाए। जिसके बाद बीएड की टीम ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए 151 रन बना डाले। मुकाबले को दो विकेट से अपने नाम किया। बीएड की टीम सेमीफाइनल में पहुंची। बीएड के कर्मवीर ने नाबाद 80 रन बनाए। मौके पर संस्थान के निदेशक रवि जुयाल, अजय तोमर, डॉ. एलएम जोशी, डॉ. वीके शर्मा, अंशु यादव, प्रदीप पोखरियाल, कमलेश भट्ट, अमित जोशी, सुदीप सारस्वत, अखिलेश बिजल्वाण, राहुल शाही, संजय रमोला मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

देहरादून, गुरुवार
27 फ़रवरी 2020
नगर संस्करण * *
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

पत्नी और बेटे के साथ आजम भेजे गए जेल 11
सीमा पार करने से नहीं हिचकती सेनाएं 12

## बीएड की टीम ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

जागरण संवाददाता, ऋषिकेश: मार्डन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एमआइएसएल टूर्नामेंट के तहत तीसरे दिन क्रिकेट के पुरुष वर्ग में पॉलीटेक्निक फाइवजी, आइटी,बीएड टीम ने जीत दर्ज की। वहीं बालिका वर्ग में कॉमर्स व फॉर्मेसी की टीम ने मैच जीते। बीएड सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

पुरुष वर्ग में पहला मैच पॉलीटेक्निक फाइव जी व कॉमर्स के बीच हुआ। जिसमें पॉलीटेक्निक फाइव जी ने जीत दर्ज की।

बुधवार को दूसरा मैच आइटी फर्स्ट व फार्मेसी के मध्य खेला गया। जिसमें आइटी ने जीत दर्ज की। वहीं, पुरुष वर्ग का तीसरा मैच बीएड एवं आइटी द्वितीय के मध्य हुआ। जिसमें आइटी द्वितीय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 150 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसको बहुत ही रोमांचक ढंग से बीएड की टीम ने जीत लिया। इस प्रकार बीएड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। वहीं, बालिका वर्ग का क्रिकेट मैच बीएड व कॉमर्स के बीच हुआ। जिसमें कॉमर्स ने अपने नाम किया। बालिका वर्ग में दूसरा मैच आइटी एवं फार्मेसी के मध्य हुआ। जिसे फार्मेसी ने अपने नाम कर लिया। मैच में सौरभ कावयाल पॉलीटेक्निक डिपार्टमेंट, अभिषेक सैलानी डिपार्टमेंट ऑफ साइंस, हरिओम पॉलीटेक्निक डिपार्टमेंट एवं रोहन बीसीए डिपार्टमेंट ने उम्दा खेल का प्रदर्शन करके अपना स्थान बना के रखा है। मैचों को सकुशल संपन्न कराने में संस्थान के निदेशक रवि जुयाल,अजय तोमर,डॉ. एल एम जोशी, डॉ वी के शर्मा, अंशु यादव, प्रदीप पोखरियाल, कमलेश भट्ट, अमित जोशी आदि उपस्थित रहे।

Scanned by CamScanner

# अमर उजाला

देहरादून
बृहस्पतिवार, 27 फरवरी 2020

कारोबार **पीपीएफ में 1.5 लाख से ज्यादा के निवेश पर ब्याज नहीं** उत्तराखंड


## प्रतियोगिता का पहला मैच पॉलिटेक्निक टीम ने जीता

संवाद न्यूज एजेंसी

**मुनिकीरेती।** एमआईटी ढालवाला में फिटनेस क्लब की ओर से आयोजित साप्ताहिक क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन का पहला मैच पुरुष वर्ग में पॉलिटेक्निक और कॉमर्स के बीच खेला गया। इसमें पॉलिटेक्निक की टीम ने 98 रन व पांच विकेट से जीत दर्ज की।

दूसरा मैच आईटी और फार्मेसी के बीच खेला गया, जिसमें आईटी ने 65 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। तीसरा मैच बीएड और आईटी के मध्य खेला गया। इसमें आईटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 150 रन का स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बीएड की टीम ने जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालिका वर्ग का पहला मैच बीएड और कॉमर्स के मध्य खेला गया। इसमें कॉमर्स ने जीत दर्ज कर मैच अपने नाम किया। दूसरा मैच आईटी और फार्मेसी के बीच खेला गया। आईटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए फार्मेसी की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मात्र तीन ओवरों में ही मैच अपने नाम कर लिया।

इस मौके पर संस्थान के निदेशक रवि जुयाल, अजय तोमर, अंशु यादव, डॉ. एलएम जोशी, डॉ. वीके शर्मा, प्रदीप पोखरियाल, कमलेश भट्ट, अमित जोशी, सुदीप सारस्वत, अखिलेश बिजल्वाण, राहुल शाही, संजय रमोला, देवेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

Scanned by CamScanner

# अमर उजाला

देहरादून
बुधवार, 26 फरवरी 2020


रचा इतिहास काशवी ने 4.5 ओवर में हैट्रिक सहित 10 विकेट झटके...15 उत्तराखंड

आज उड़ान
आईएएस-2020
सर्वाधिक प्रतिष्ठित सेवा

## फार्मेसी की टीम ने जीता प्रतियोगिता का पहला मैच

**एमआईटी ढालवाला में फिटनेस क्लब की ओर एमआईएसएल क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा दिन**

संवाद न्यूज एजेंसी

ऋषिकेश। एमआईटी ढालवाला में फिटनेस क्लब की ओर एमआईएसएल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन का मैच पॉलिटेक्निक एवं फार्मेसी द्वितीय के बीच खेला गया। इसमें फार्मेसी द्वितीय ने छह ओवर में 50 रन बनाकर जीत दर्ज की। दूसरा मैच बीएड और फार्मेसी प्रथम के मध्य खेला गया। इसमें बीएड ने 200 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।



लक्ष्य का पीछा करते हुए फार्मेसी प्रथम की टीम मात्र 49 रनों पर ही सिमट गई। बालिका वर्ग में बीकॉम और बायोटेक के मध्य मैच खेला गया। इसमें बीकॉम ने 21 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बायोटेक की टीम ने मात्र तीसरे ओवर में जीत के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। बालिका वर्ग में दूसरा मैच पॉलिटेक्निक और फार्मेसी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पॉलिटेक्निक की टीम ने 40 रन बनाए। इस लक्ष्य को फार्मेसी की बालिकाओं ने आसानी से प्राप्त कर लिया। बालक वर्ग का तीसरा मैच पॉलिटेक्निक और बायोटेक के बीच खेला गया। इसमें बायोटेक ने 150 रनों का लक्ष्य पॉलिटेक्निक के सामने रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए पॉलिटेक्निक की टीम मात्र 103 रन पर सिमट गई।

इस अवसर पर अजय तोमर, अंशु यादव, एलएम जोशी, वीके शर्मा, प्रदीप पोखरियाल, कमलेश भट्ट, अमित जोशी, सुदीप सारस्वत, अखिलेश बिजल्वाण, राहुल शाही, संजय रमोला, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

Scanned by CamScanner

देहरादून, बुधवार
26 फरवरी 2020
नगर संस्करण * *
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



पद्मश्री लिंबा राम की मदद के लिए आगे बढ़े हाथ 14

सतर्कता बरतने से फायदा नहीं होगा 14

## बायोटेक टीम चार विकेट से जीती

ऋषिकेश : मॉडर्न इंस्टीट्यूट टेक्नोलॉजी में सात दिवसीय मॉडर्न इंस्टीट्यूट स्पोर्टस लीग के तीसरे दिन क्रिकेट के तीन मुकाबले खेले गए। बालिका वर्ग के बीच हुए मुकाबले में बायोटेक ने बीकॉम को चार विकेट से मात दी।

मंगलवार को ढालवाला स्थित एमआइटी में आयोजित स्पोर्ट्स लीग में पहला क्रिकेट मुकाबला पॉलिटेक्निक एवं फार्मेसी की टीम के बीच हुआ। जिसमें पॉलिटेक्निक की टीम 7 ओवर में 49 रन बनाए। फार्मेसी की टीम ने मात्र पांच ओवर में ही 50 रन बना कर आठ विकेट से मुकाबला जीता। दूसरा मैच बीएड व फार्मेसी की टीम के बीच हुआ। बीएड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन बनाए। फार्मेसी की टीम 201 रन के लेक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 49 रन पर सिमट गई। बीएड टीम के गेंदबाजों को फार्मेसी के बल्लेबाज सामना नही कर पाए। उसके बाद प्रतियोगिता का तीसरा मुकाबला बालिका वर्ग में बीकॉम एवं बायोटेक,की टीम के मध्य हुआ। इसमें बीकॉम ने छह ओवर में 21 रन बनाए। बायोटेक की टीम ने मात्र तीन ओवर में ही 22 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीता। इस मौके पर अजय तोमर, अंशु यादव, एलएम जोशी, वीके शर्मा, प्रदीप पोखरियाल, कमलेश भट्ट, अमित जोशी आदि उपस्थित थे। (जासं)

Scanned by CamScanner

उत्कर्ष के 23 वर्ष
अमर उजाला देहरादून स्थापना: 1997

• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

# अमर उजाला

नगर संस्करण •• वर्ष 24 अंक 01 पृष्ठ : 20+8 मूल्य : पांच रुपये देहरादून मंगलवार, 25 फरवरी 2020



# आईटी ने बायोटेक डिपार्टमेंट को भारी अंतर से हराया

## ढालवाला स्थित संस्थान के खेल मैदान में प्रतियोगिता का दूसरा दिन

संवाद न्यूज एजेंसी

**ऋषिकेश।** एमआईटी में फिटनेस क्लब की ओर से एमआईएसएल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन दो मैच खेले गए। प्रातः कालीन सत्र में आईटी डिपार्टमेंट ने बायोटेक डिपार्टमेंट को भारी अंतर से हराया।

सोमवार को ढालवाल स्थित संस्थान खेल मैदान में प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मैच आईटी डिपार्टमेंट और बायोटेक डिपार्टमेंट के बीच खेला गया। इसमें आईटी डिपार्टमेंट की ओर से आकाश ने सर्वाधिक 47 रन बना कर 114 का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए बायोटेक डिपार्टमेंट 84 रन पर ऑल आउट हो गई। इसमें रोहित ने सर्वाधिक तीन विकेट लेते हुए बायोटेक डिपार्टमेंट को 84 रनों पर ही समेट दिया। दूसरा मैच आईटी और बीकॉम के बीच खेला गया।



इसमें आईटी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 135 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में बीकॉम की टीम मात्र छह ओवरों में 40 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

संस्थान के निदेशक रवि जुयाल ने विजेता टीमों को बधाई दी। आज के मैचों में रोहित, बलराज, हरीश ने अंपायरिंग की और उपेंदर नौटियाल ने मुख्य अंपायर की भूमिका अदा की। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक रवि जुयाल, अजय तोमर, अंशु यादव, एलएम जोशी, वीके शर्मा, प्रदीप पोखरियाल, कमलेश भट्ट, अमित जोशी, सुदीप सारस्वत, अखिलेश बिजलवान, राहुल शाही, संजय रमोला, कामेश यादव, देवेंद्र आदि मौजूद थे।

## टिहरी ने उत्तरकाशी को 16 रन से किया परास्त

**जिला खेल कार्यालय की ओर से राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता**

**ऋषिकेश।** जिला खेल कार्यालय नरेंद्र नगर की ओर से राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन का पहला मैच टिहरी गढ़वाल व खेल विभाग उत्तरकाशी के बीच खेला गया। इसमें टिहरी गढ़वाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए टिहरी गढ़वाल ने 12 ओवर में आठ विकेट खोकर 86 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तरकाशी की टीम 12 ओवर में 70 रन पर सिमट गई। इस प्रकार टिहरी की टीम 16 रनों से विजेता घोषित हुई। दूसरा मैच उधम सिंह नगर और सम्राट क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। उधम सिंह नगर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर 69 रनों का स्कोर रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए सम्राट क्लब ने 12 ओवर में ही लक्ष्य हासिल करते हुए सात विकेट से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर नेशनल खिलाड़ी राय सिंह राणा ने खिलाड़ियों को क्रिकेट किट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी कृष्ण कुमार, विनय शर्मा, ऋतु जैन, श्यामकुमार शर्मा, भानु शर्मा, अभिषेक चौधरी, विश्वनाथ राजपूत, सुनील भारद्वाज आदि मौजूद थे। संवाद

Scanned by CamScanner

16

संस्करण

# अमर उजाला

देहरादून
सोमवार, 24 फरवरी 2020

कोविंद बो | लैंगिक न्याय के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट हमेशा से सक्रिय...13 | उत्तराखंड

# एमआईटी ने बार एसोसिएशन की टीम को 41 रन से रौंदा

संवाद न्यूज एजेंसी

मुनिकीरेती। मॉर्डन इंस्टीट्यूट एंड टेक्नोलॉजी में सात दिवसीय मॉडर्न इंस्टीट्यूट स्पोर्ट्स लीग का उद्घाटन मैच एमआईटी तथा बार एसोसिएशन की टीम के बीच खेला गया। एमआईटी की टीम ने 41 रनों बार एसोसिएशन की टीम को पराजित कर मैच अपने नाम किया।

रविवार ढालवाला स्थित संस्थान के खेल परिसर में स्पोर्ट्स लीग का शुभारंभ एमआईटी के प्रबंधक एचजी जुयाल ने किया। एमआईटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 148 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी में बार एसोसिएशन की टीम 107 रन पर ही सिमट गई। एमआईटी के कप्तान उपेंद्र नौटियाल ने 63 रनों और उपकप्तान राहुल शाही ने नाबाद 67 रन बनाए।

बार एसोसिएशन की ओर से सर्वाधिक 40 रन राजेश मोहन ने बनाए। संस्थान के निदेशक रवि जुयाल ने बताया कि शिक्षा के साथ ही खेल का होना जरूरी है। इस अवसर पर अजय तोमर, अंशु यादव, एलएम जोशी, वीके शर्मा, प्रदीप पोखरियाल, कमलेश भट्ट, अमित जोशी, सुदीप सारस्वत, अखिलेश बिजल्वाण, संजय रमोला, देवेंद्र कुमार, संदेश भंडारी, अमित जोशी आदि मौजूद रहे।

## सम्राट क्लब उद्यमसिंह नगर जीते

ऋषिकेश। खेल निदेशालय के सहयोग से जिला खेल कार्यालय नरेन्द्र नगर की ओर से 21 वर्षीय सीनियर बालकों की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मुकाबला सम्राट क्लब ऋषिकेश तथा खेल विभाग हरिद्वार के बीच हुआ। इसमें सम्राट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 112 रनों का स्कोर खड़ा किया, जबकि लक्ष्य का पीछा करने उतरी खेल विभाग हरिद्वार की टीम 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 90 रन ही बना सकी। दूसरे मुकाबले में 29 रनों से ऊधमसिंह नगर की टीम ने गुरुकुल क्रिकेट एकेडमी की टीम को रौंदा। इस मौके पर विनय शर्मा, रितु जैन, श्याम कुमार शर्मा, भानु शर्मा, अभिषेक चौधरी, शिल्पा, विश्वनाथ राजपूत, सुनील कुमार भारद्वाज, ऋषि शर्मा आदि उपस्थित रहे।

Scanned by CamScanner

amarujala.com
अमर उजाला अपना शहर ऋषिकेश
देहरादून | सोमवार, 24 फरवरी 2020

# एमआइटी ने बार एसोसिएशन को हराया

जागरण संवाददाता, ऋषिकेश: मार्डन इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी की ओर से सात दिवसीय मॉडर्न इंस्टीट्यूट स्पोर्ट्स लीग का आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स लीग के उद्घाटन मैच में एमआइटी ने बार एसोसिएशन को 41 रनों से पराजित किया।

रविवार को ढालवाला स्थित एमआइटी में आयोजित स्पोर्ट्स लीग का उद्घाटन संस्थान के प्रबंधक एचजी जुयाल ने बैटिंग कर किया। प्रतियोगिता का पहला मैच बार एसोसिएशन ऋषिकेश व एमआइटी ऋषिकेश की फैकल्टी के बीच हुआ। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए एमआईटी ने 148 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।



मार्डन इस्टीट्यूट में आयोजित स्पोर्ट्स लीग के उदघाटन पर शॉट लगाते संस्थान के संस्थापक एचजी जुयाल • जागरण

जिसके जवाब में बार एसोसिएशन ऋषिकेश की टीम मात्र 107 रन ही बनाकर सिमट गई। एमआइटी के कप्तान उपेंद्र नौटियाल ने 63 रनों का योगदान दिया और उप कप्तान राहुल शाही ने नाबाद 67 रन बनाए। कॉलेज के निदेशक रवि जुयाल ने बताया कि बालक के विकास में शिक्षा के साथ-साथ खेल का होना भी नितांत आवश्यक है। इसलिए एमआइटी ऋषिकेश में प्रत्येक वर्ष एक सप्ताह का क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होता है।

इस दौरान बार एसोसिएशन ऋषिकेश के अध्यक्ष एडवोकेट सूरत सिंह रौतेला, उपाध्यक्ष एडवोकेट शैलेंद्र सेमवाल संयुक्त सचिव अधिवक्ता लाल सिंह मटेरा, मनोज पंवार, प्रदीप ठाकुर, वासुदेव उपाध्याय एवं प्रवीण कुमार ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया।

# एमआईटी ने बार एसोसिएशन की टीम को 41 रन से रौंदा

संवाद न्यूज एजेंसी

मुनिकीरेती। मॉर्डन इंस्टीट्यूट एंड टेक्नोलॉजी में सात दिवसीय मॉडर्न इंस्टीट्यूट स्पोर्ट्स लीग का उद्घाटन मैच एमआईटी तथा बार एसोसिएशन की टीम के बीच खेला गया। एमआईटी की टीम ने 41 रनों बार एसोसिएशन की टीम को पराजित कर मैच अपने नाम किया।

रविवार ढालवाला स्थित संस्थान के खेल परिसर में स्पोर्ट्स लीग का शुभारंभ एमआईटी के प्रबंधक एचजी जुयाल ने किया। एमआईटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 148 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी में बार एसोसिएशन की टीम 107 रन पर ही सिमट गई। एमआईटी के कप्तान उपेंद्र नौटियाल ने 63 रनों और उपकप्तान राहुल शाही ने नाबाद 67 रन बनाए।

बार एसोसिएशन की ओर से सर्वाधिक 40 रन राजेश मोहन ने बनाए। संस्थान के निदेशक रवि जुयाल ने बताया कि शिक्षा के साथ ही खेल का होना जरूरी है। इस अवसर पर अजय तोमर, अंशु यादव, एलएम जोशी, वीके शर्मा, प्रदीप पोखरियाल, कमलेश भट्ट, अमित जोशी, सुदीप सारस्वत, अखिलेश बिजल्वाण, संजय रमोला, देवेंद्र कुमार, संदेश भंडारी, अमित जोशी आदि मौजूद रहे।

## सम्राट क्लब उद्यमसिंह नगर जीते

ऋषिकेश। खेल निदेशालय के सहयोग से जिला खेल कार्यालय नरेन्द्र नगर की ओर से 21 वर्षीय सीनियर बालकों की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मुकाबला सम्राट क्लब ऋषिकेश तथा खेल विभाग हरिद्वार के बीच हुआ। इसमें सम्राट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 112 रनों का स्कोर खड़ा किया, जबकि लक्ष्य का पीछा करने उतरी खेल विभाग हरिद्वार की टीम 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 90 रन ही बना सकी। दूसरे मुकाबले में 29 रनों से ऊधमसिंह नगर की टीम ने गुरुकुल क्रिकेट एकेडमी की टीम को रौंदा। इस मौके पर विनय शर्मा, रितु जैन, श्याम कुमार शर्मा, भानु शर्मा, अभिषेक चौधरी, शिल्पा, विश्वनाथ राजपूत, सुनील कुमार भारद्वाज, ऋषि शर्मा आदि उपस्थित रहे।

Scanned by CamScanner

# एमआईटी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

ऋषिकेश।

**सात दिवसीय मॉडर्न इंस्टीट्यूट स्पोर्ट्स लीग का हुआ उद्घाटन**

एमआईटी ढालवाला सात दिवसीय मॉडर्न इंस्टीट्यूट स्पोर्ट्स लीग का उद्घाटन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रबंधक एचजी जुयाल ने किया।

रविवार को प्रतियोगिता का उदघाटन मैच बार एसोसिएशन ऋषिकेश और एमआईटी ऋषिकेश की फैकल्टी के बीच खेला गया, जिसमें पहले बैटिंग करते हुए एमआईटी ने 148 रनो का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसके जवाब में बार एसोसिएशन ऋषिकेश की टीम मात्र 107 रन बनाकर ही सिमट गई। एमआईटी के कप्तान उपेंद्र नौटियाल ने 63 रनों का योगदान दिया और उपकप्तान राहुल शाही ने नाबाद 67 रन बनाए।

बार एसोसिएशन ऋषिकेश की ओर से अध्यक्ष सूरत सिंह रौतेला, उपाध्यक्ष शैलेंद्र सेमवाल, संयुक्त सचिव लाल सिंह मटेरा, मनोज पंवार, प्रदीप ठाकुर, वासुदेव उपाध्याय एवं प्रवीण कुमार ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन ऋषिकेश की ओर से सर्वाधिक 40 रन राजेश मोहन ने बनाए। संस्थान के निदेशक रवि जुयाल ने बताया कि छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल का होना भी नितांत आवश्यक है। इसलिए संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष एक सप्ताह का क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है।



प्रतियोगिता का शुभारंभ करते संस्थान के प्रबंधक।

इस वर्ष भी संस्थान के सभी विभागों के विद्यार्थियों के लिये 23 से 29 फरवरी तक साप्ताहिक खेल का आयोजन किया गया है। साप्ताहिक खेल के आयोजन में क्रिकेट के अलावा हैंडबाल, बास्केटबाल, एथलीट, बैडमिंटन एवं रस्साकशी जैसे खेलों का आयोजन किया गया है। खेल प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार के साथ सम्मानित किया जाएगा।

संस्थान के फिजिकल रिसोर्स सेंटर कमेटी के द्वारा फिट इंडिया कैंपेन के अंतर्गत उपरोक्तखेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस मौके पर अजय तोमर, अंशु यादव, एलएम जोशी, वीके शर्मा, प्रदीप पोखरियाल, कमलेश भट्ट, अमित जोशी, सुदीप सारस्वत, अखिलेश बिजल्वाण, संजय रमोला, देवेंद्र कुमार, संदेश भंडारी आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई।

Scanned by CamScanner